अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई-मेल द्वारा

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार**
**9वां तल-ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली**

---

**F.No 234/1390/HFW/QC/2025/** 353 दिनांकः- 21/3/2025

सेवा में,

श्रीमान उप-सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली-110054

**विषय :** **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र-2025), माननीय विधायक श्री संजय गोयल द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 01 दिनांक 24.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित आपके ई-मेल दिनांकित 15.03.2025 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री संजय गोयल द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0 01 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

उप-सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

तारांकित प्रश्न संख्या : 01

दिनांक : 24.03.2025

प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री संजय गोयल

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कर्मचारियों की अत्यंत कमी है; | हाँ, यह सत्य है। |
| ख | यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदम, और; | डॉक्टरों के संदर्भ में डॉक्टरों के 492 रिक्त पदों को भरने के लिए (UPSC) यूपीएससी को अधियाचना भेजी गई है। अभी तक 341 चयनित डॉक्टरों के डोजियर (UPSC) यूपीएससी से मिल चुके हैं। इनमें से 249 डॉक्टर्स को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं, 92 डॉक्टरों की नियुक्ति/जॉइनिंग का मामला प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा अस्थायी व्यवस्था के तौर पर इन पदों को संविदा के आधार पर भरने के लिए भर्ती अभियान भी चलाया गया है।<br><br>पेरामेडिकल स्टाफ के संदर्भ में 1055 विभिन्न पदों को भरने के लिए पहले ही **DSSSB (Delhi Subordinate Services Selection Board)** को भेजा जा चुका है।<br><br>नर्सिंग स्टाफ के संदर्भ में 1507 पदों को भरने के लिए **DSSSB (Delhi Subordinate Services Selection Board)** को भेजा जा चुका है। जिसकी परीक्षा हो चुकी है परिणाम आने बाकी हैं। |
| ग | इस समस्या का समाधान कब तक कर लिया जाएगा? | |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)